GAME GLOBAL ALLIANCE FOR Mass Entrepreneurship

ग्लोबल अलायंस फॉर मास आंत्रप्रेन्योरशिप (गेम) ने ‘क्लाइमेट क्रांति’ लॉन्च की, युवाओं को ग्रीन एंटरप्रेन्योर बनने के लिये सशक्त किया जाएगा

महाराष्ट्र के पहले जिले, पुणे में इस कैम्पेन के फेज-1 में 1000 से ज्यादा युवाओं को सहयोग दिया जाएगा

पुणे, 21 मार्च 2023 : ग्लोबल अलायंस फॉर मास आंत्रप्रेन्योरशिप (गेम) ने अपना प्रमुख क्लाइमेट क्रांति फेलोशिप कैम्पेन लॉन्च किया है। यह पर्यावरण के अनुकूल उद्यमिता (ग्रीन एंटरप्रेन्योरशिप) की भावना जगाने और भारत को एक हरित अर्थव्यवस्था में बदलने की दिशा में साहसिक कदम उठाने के लिये युवाओं को सशक्त करने करने के लिए किया गया है। इस कैम्पेन के फेज-1 में महाराष्ट्र के पुणे में एक पायलट शुरू होगा। यह पायलट पर्यावरण के अनुकूल उद्यमी (ग्रीन एंटरप्रेन्योर) बनने के सफर में 50 कॉलेज के 1000 से ज्यादा विद्यार्थियों को सहयोग देगा।

इस कार्यक्रम की शुरूआत एमआईटी वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी, पुणे में एक शुभारंभ समारोह से होगी, जहाँ विद्यार्थी ग्रीन एंटरप्रेन्योर्स के साथ प्रेरक बातचीत, ज्ञानपरक कार्यशालाओं और समकक्षों के साथ नेटवर्किंग का सक्रिय एजेंडा देखेंगे। इसके बाद चयनित विद्यार्थियों को हरित अर्थव्यवस्था, उद्यम-सम्बंधी सोच, व्यवसाय योजना बनाना, आदि पर गहन कोर्सेस एक मिश्रित मॉडल में मिलेंगे और साथ ही जलवायु परिवर्तन एवं उद्यमिता की दुनिया के प्रेरक शिक्षक और संरक्षक भी। वे विशेष समस्याओं की पहचान करने और उनके समाधानों का सह-निर्माण करने के लिये स्थानीय समुदायों से भी जुड़ेंगे। कार्यक्रम के अंत में, विद्यार्थियों के ग्रीन बिजनेस प्लान बन चुके होंगे, जिन्हें वे विशेषज्ञों, निवेशकों और संरक्षकों के एक निर्णायक मंडल के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। सभी चयनित व्यवसायों को विभिन्न भागीदार संस्थानों से बढ़ावा मिलेगा और सीड फंडिंग की संभावनाएं भी रहेंगी।

ग्लोबल अलायंस फॉर मास आंत्रप्रेन्योरशिप (गेम) के सह-संस्थापक मदन पदकी ने कहा, जलवायु परिवर्तन असली है और हमें अपनी जिन्दगी के लिये लड़ना है। नेट-ज़ीरो की दिशा में प्रगति का अगला चरण युवाओं के अभिनव मॉडलों और टेक्नोलॉजी को लागू करने से समर्थ होगा। इस पहल के साथ गेम का लक्ष्य है युवा नेतृत्वकर्ताओं की अगली पीढ़ी का निर्माण करना, जो सबसे ज्वलंत चुनौतियों को हल करने के लिये कौशल को विकसित करेगी। क्लाइमेट क्रांति कैम्पेन निश्चित रूप से सोचने का एक नया तरीका देगा- उद्यमिता वाली सोच, जो अर्थपूर्ण तरीके से जुड़ने और अपनेआप में ‘क्लाइमेट चेंज चैम्पियंस’ बनने में विद्यार्थियों की सहायता करेगी। हमारा निर्णायक लक्ष्य अगले 6 महीनों में महाराष्ट्र राज्य के 30,000 विद्यार्थियों तक पहुँचना है।

श्री पदकी ने आगे कहा, गेम जीएएमई ने सोशल मीडिया, कार्यशालाओं और कॉलेजों के साथ साझेदारियों से व्यापक जागरूकता पैदा करने के लिये जोशटॉक्स से साझेदारी की है। हमने विद्यार्थियों को फेलोशिप और बिजनेस इनक्युबेशन में सहयोग देने के लिये वीनैचुरलिस्ट्स के साथ भागीदारी की है। महाराष्ट्र में पूरी पहुँच बनाने के बाद हम इसे पूरे भारत में शुरू करना चाहते हैं, ताकि ग्रीन एंटरप्रेन्योर्स बनने के लिये 1 मिलियन से ज्यादा विद्यार्थियों को सशक्त कर सकें।

ग्लोबल अलायंस फॉर मास आंत्रप्रेन्योरशिप (गेम) के विषय में:
गेम का मिशन है भारत-व्यापी एक उद्यमी आंदोलन और मौजूदा तथा नये उद्यमों की वृद्धि के लिये अनुकूल स्थितियों को उत्प्रेरित करना, ताकि 2030 तक 50 मिलियन नये रोजगारों का सृजन हो सके। हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि नये व्यवसायों के एक बड़े प्रतिशत की मालिक महिलाएं हों। हम दुनिया के उन दूसरे हिस्सों में भी इस प्रकार के आंदोलनों को प्रेरित करने और सहयोग देने की उम्मीद रखते हैं, जहाँ समान चुनौतियाँ हैं। गेम, जूनियर अचीवमेंट इंडिया सर्विसेज के तहत परिचालन कर रहा एक गैर-लाभकारी संस्थान है। ज्यादा जानकारी के लिये देखें: https://massentrepreneurship.org/

Media Contact:
Naeem Shaikh | +91 90227 41986 | naeem.shaikh@one-source.co.in
Satasha Praharaj | +91 91240 04777 | satasha.praharaj@one-source.co.in